नागरिकों को पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ

सिरसिया बाजार में नागरिकों को यातायात नियमों की जानकारी देते यातायात प्रभारी मुहम्मद शमीम (दाएं) • जागरण

संसू, जागरण • श्रावस्ती : यातायात माह के तहत प्रवर्तन अभियान के साथ जागरूकता कार्यक्रम भी चल रहे हैं। इसी क्रम में यातायात विभाग की टीम ने सिरसिया बाजार व सोनवा क्षेत्र के मेवालाल सियाराम पटवारी इंटर कालेज में गोष्ठी आयोजित की। स्थानीय लोगों, छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया।

• सिरसिया बाजार व इंटर कालेज में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

इंटर कालेज में गोष्ठी को संबोधित करते हुए यातायात प्रभारी मुहम्मद शमीम ने कहा कि सड़क हादसों में होने वाली मौत को कम करने के लिए नियमों के प्रति जागरूक और संवेदनशील होने की जरूरत है। मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन न चलाएं, दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन पर सीट बेल्ट का जरूर उपयोग करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें। निर्धारित गति सीमा का पालन करते हुए सड़क पर लगे संकेतों को ध्यान में रखकर वाहन चलाएं। छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। यातायात चिह्नों के बारे में बताते हुए नियम से वाहन चलाने और समाज के लोगों को जागरूक करने की अपील की। जागरूकता के पंफ्लेट भी वितरित किए। इसी प्रकार सिरसिया में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। वाहनों पर 'पहले हेलमेट बाद में चाबी' के स्टीकर लगाए गए। पुलिस टीम ने भी नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित यात्रा को प्राथमिकता देने की अपील की।

एसपी ने सड़क दुर्घटना में मृत हुए व कैंसर पीड़ित को दी सहायता राशि

श्रावस्ती, 21 नवम्बर (तरुणमित्र) पुलिस कार्यालय की आंकिक शाखा में तैनात रहे सहायक उप निरीक्षक लेखा अनुराग पांडेय गृह जनपद सिद्धार्थ नगर का सड़क दुर्घटना में घायल हो जाने के कारण जनपद लखनऊ के एक हॉस्पिटल में इलाज के दौरान निधन हो गया था।जिसके क्रम में आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा स्व0 सहायक उप निरीक्षक लेखा अनुराग पांडे के पिता आदर्श कुमार पांडे को पुलिस विभाग की तरफ से 02 लाख 50 हजार रुपए की सहयोग राशि का चेक प्रदान कर उनके परिवार के सुखमय जीवन की कामना की। इसके साथ जनपद में तैनात उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह गृह जनपद उन्नाव जो कि कैंसर रोग से

पीड़ित है, उनके बेहतर इलाज हेतु उनके पुत्र शिवेंद्र सिंह को 01 लाख 50 हजार रुपए की सहयोगी राशि का चेक प्रदान किया गया। यह धनराशि जनपदीय पुलिस विभाग के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों से लेकर राजपत्रित अधिकारियों तक के वेतन में सहमति से कटौती कर संचित की गई थी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी भिनगा संतोष कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।